भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1061
गुरुवार, 08 फरवरी, 2024/19 माघ, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानन क्षेत्र में तेजी

1061. श्री नायब सिंह सैनी:
श्री विवेक नारायण शेजवलकर:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में विमानन क्षेत्र में अभूतपूर्व तेजी देखी जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले बारह महीनों के दौरान कितने नए विमान पत्तन और टर्मिनल खोले गए; और

(ग) वर्ष 2013 और वर्तमान में परिचालित नागरिक विमानपत्तनों की कुल संख्या कितनी है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क): जी, हां। कोविड-19 वैश्विक महामारी से पहले, भारत विश्व के सबसे तेजी से बढ़ते विमानन बाजारों में से एक था। छह वर्ष की अवधि अर्थात वर्ष 2014-15 से 2019-20 के दौरान, भारतीय हवाईअड्डों पर कुल यात्री यातायात के मामले में 12.4% की दोहरे अंक वाली तीव्र वृद्धिशील वार्षिक विकास दर देखी गई। कोविड के पश्चात, भारतीय विमानन उद्योग फिर से विकास पथ पर है और कोविड पूर्व की तुलना में वर्ष 2022-23 के दौरान कुल यात्री यातायात में 96% की वृद्धि हुई है;

(ख): पिछले बारह महीनों में, दो ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे, गुजरात में राजकोट और कर्नाटक में शिवमोग्गा प्रचालनिक हो गए हैं। इसके अलावा, त्रिची, अयोध्या, सूरत, चेन्नई, तेजू, कानपुर और पोर्ट ब्लेयर हवाईअड्डों पर नए टर्मिनल भवन विकसित किए गए हैं;

(ग): वर्ष 2014 से पहले, देश में 74 प्रचालनिक हवाईअड्डे थे और आज की तारीख में देश में 149 प्रचालनिक हवाईअड्डे हैं।

******